# THE WEST BENGAL COUNCIL OF RABINDRA OPEN SCHOOLING

## UCHCHA MADHYAMIK PARIKSHA, 2024

## Hindi

**Time : 3 Hours 15 Minutes** **Full Marks : 80**

(First 15 Minutes for reading the question paper)

### (General Instructions for the Examinees)

Candidates should write their Name, Roll No. and Registration No. in their respective answer scripts.

First 15 Minutes are allotted for reading the question paper.

Answers should be in brief and to the point.

Write correct question no. against each answer.

Special credit will be given for answers which are brief and to the point.

Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.

In the right side the marks of questions are given.

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर नीचे दिए गए विकल्पों में से चुनकर लिखिए (कोई *बारह*): 1×12=12

(a) ''बड़ो के प्रति सम्मान और सरलता का व्यवहार, बराबर वालों से प्रसन्नता और छोटों के प्रति कोमलता का व्यवहार भले मानुसों के लक्षण हैं।''— पाठ का नाम लिखिए।

(क) मित्रता (ख) नशा

(ग) युवाओं के प्रेरणास्रोत स्वामी विवेकानन्द (घ) जामुन का पेड़

(b) 'माई लार्ड! लड़कपन में इस बूढ़े भंगड़ को बुलबुल का बड़ा चाव था' — 'माई लार्ड' कहकर किसकी ओर संकेतित किया गया है?

(क) लार्ड कार्नवालिस (ख) लार्ड कर्जन

(ग) लार्ड मेकाले (घ) इनमें से कोई नहीं

(c) 'ये ही मेरे खेल के साथी भी थे।' — 'ये' कहकर किसकी ओर इंगित किया गया है?

(क) विवेकानन्द (ख) राजा राममोहन राय

(ग) जगदीशचन्द्र बसु (घ) रामचन्द्र शुक्ल

(d) 'शाहजहाँ की इज्जत उसके गुणों से थी या तख्तेताऊस से' सबकुछ बदल रहा है — शाहजहाँ कौन थे?

(क) कवि (ख) शासक

(ग) संगीतकार (घ) लेखक

(e) 'अमीरों का ऐसा स्वभाव वहुत कम देखने में आता है' — वक्ता कौन है?

(क) रियासत अली (ख) ईश्वरी

(ग) रामहरख (घ) महाराज चाँगली

(f) 'उन्होंने खीझकर रजिस्टर इतने जोर से बन्द किया, कि मक्खी चपेट में आ गयी।' — 'उन्होंने' कहकर किसको संकेतित किया गया है?

(क) चन्द्रगुप्त (ख) चित्रगुप्त

(ग) स्कन्दगुप्त (घ) इनमें से कोई नहीं

(g) 'तुम्हारे पास तो तीन चार पैसे कुल हैं, तुम इतनी चीजें कैसे ले सकती हो?' — वक्ता कौन है?

(क) साहब (ख) श्रीराम

(ग) सुन्दरी (घ) इनमें से कोई नहीं

(h) 'उसने देखा एक अपरिचित युवक।' — उसने से किसकी ओर संकेतित किया गया है?

(क) मधुलिका (ख) सुभा

(ग) नीरु (घ) कला

(i) 'जौ खग हौं तो बसेरो करो मिलि कालिंदी कूल कदंब की डारन।' — 'कालिंदी' का अर्थ है -

(क) गंगा (ख) यमुना

(ग) सरस्वती (घ) कावेरी

(j) 'ये मानवता के आगामी मूल्य पीठ होंगे।' — मानवता के आगामी मूल्यपीठ इनमें से कौन-सा नहीं है?

(क) साबरमती (ख) तिरुवण्णमलई

(ग) पाण्डिचेरी (घ) कन्याकुमारी

(k) धूम-समूह से चातक के किस अंग की क्षति होती है?

(क) पंख की (ख) चंचु की

(ग) लोचन की (घ) पद की

(l) 'अम्बर के आनन को देखो कितने इसके तारे टूटे' — 'अम्बर' का अर्थ है

(क) शीशा (ख) आसमान

(ग) चेहरा (घ) आँगन

(m) 'क्या बात है बीना? अपने आप ही हँस रही हो?' — वक्ता कौन है?

(क) मधुलिका (ख) सुन्दरिया

(ग) बीना (घ) राधा

(n) 'बेचारा जामुन का पेड़ कितना फलदार था इसकी जामुनें कितनी रसीली होती थी।' — जामुन का पेड़ कहाँ था?

(क) राजमहल में (ख) स्कूल में

(ग) सेक्रेटेरियेट के लॉन में (घ) बगीचे में

(o) 'आप तो हमेशा यही उपदेश देते रहते हैं। आपको क्या इतनी चिंता है हमारी पढ़ाई की?' — वक्ता कौन है?

(क) नीरु (ख) सुन्दरिया

(ग) मधुलिका (घ) बीना

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अनधिक 20 – 25 शब्दों में) ( *कोई छ* ) : 2×6=12

(a) 'आप मुझे ही अपना पुत्र मान लीजिए और आप मेरी मां बन जाइए' — कौन किसको मां बनने के लिए कह रहा है और क्यों?

(b) 'धीरे-धीरे सब कुछ बदल रहा है' — पाठ का नाम लिखिए। क्या बदल रहा है? स्पष्ट कीजिए।

(c) 'जब ईश्वरी ने मुझे अपने घर चलने का न्योता दिया तो मैं बिना आग्रह के राजी हो गया।' — मैं कहकर किसकी संकेतित किया गया है? वह क्यों राजी हो गया?

(d) मगध का एक राजकुमार अपने रथ पर बैठा बड़े कौतुहल से यह दृश्य देख रहा था। — मगध के राजकुमार का नाम लिखिए। वह कौन-सा दृश्य देख रहा था?

(e) 'सीस दिये जौ गुरु मिलै, तो भी सस्ता जान।'— कवि और पाठ का नाम लिखिए।

(f) 'उचित है कि ज्यादा समय उसे करधे पर जगाये रहो।' — करधा क्या है? यह किस काम आता है?

(g) 'अस्तर के बिल में जा बैठते हैं कुछ चिल्लर' — कवि का नाम लिखिए। 'चिल्लर' किसे कहते है?

(h) 'पिता का वक्ष भरा वात्सल्य, पुत्र का शैशव सुलभ दुलार।' — पिता शब्द किसके लिए आया है? पुत्र से कौन संकेतित है?

(i) 'बच्चों के इस तरह थोड़े पीछे पड़ा जाता है।' — वक्ता और श्रोता का नाम लिखिए।

(j) 'तुम्हें भी आकर इस तरह आवाज़ देने की जरूरत पड़ती है?' — पाठ का नाम लिखिए। कौन किससे उक्त कथन कह रहा है?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *नौ* प्रश्नों के उत्तर दीजिए (अनधिक 40 – 50 शब्दों में): 4×9=36

(a) सच्ची मित्रता में उत्तम वैद्य की सी निपुणता और परख होती है।

(क) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 2+2

(b) यह गम्भीर चिन्ता का विषय है। हमारे सीमित संसाधनों का घोर अपव्यय हो रहा है।

(क) गम्भीर चिन्ता का विषय क्या है?

(ख) पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए। 1+3

(c) इस देश की प्रजा के हृदय में कोई स्मृति-मन्दिर बना जाने की शक्ति आप में है।

(क) 'आप' कहकर किसको सम्बोधित किया गया है?

(ख) पंक्ति का भावार्थ स्पष्ट कीजिए। 1+3

(d) आचार्य जगदीशचन्द्र बसु के क्रिया कलापों पर प्रकाश डालिए।

(e) 'साहब तो पूरा बेवकूफ है नाहक पाँच आने पैसे दूसरे देश के कारीगर को दे आया।

(क) पाठ का नाम लिखिए।

(ख) उक्त कथन से वक्ता के किस तरह के चरित्र का पता चलता है स्पष्ट कीजिए। 1+3

(f) भाई यह भी एक मन्दिर है। यहाँ भी दान-पुण्य करना पड़ता है।

(क) उक्त कथन का वक्ता कौन है?

(ख) यहाँ दान-पुण्य शब्द से वक्ता क्या कहना चाहता है? 1+3

(g) 'मेरा हृदय, तुम्हारी उस छवि का भक्त बन गया, देवि।'

(क) उक्त कथन के वक्ता कौन हैं?

(ख) पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 1+3

(h) पुरस्कार कहानी की नायिका की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(i) 'तोड़ सकते हो तुम भव-बन्ध, तुम्हें है यह पूरा अधिकार।'

(क) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) यहाँ किस अधिकार की बात कही गई है? 2+2

(j) 'सहसबाहु दसबदन आदि नृप बचे न काल बली ते।'

(क) 'सहसबाहु' और 'दसबदन' कौन हैं?

(ख) पंक्ति का भावार्थ लिखिए। 2+2

(k) 'जेब टटोली कौड़ी न पाई।
माझी को दूँ क्या उतराई?'

(क) पाठ और लेखक का नाम लिखिए।

(ख) 'माझी' किसे कहते है? वह क्या कार्य करता है? 2+2

(l) 'देश प्रेम' कविता के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं *चार* प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×4=20

(a) हिन्दी में अनुवाद कीजिए :

The Durga Puja is the greatest festival of the Hindus. It is a costly festival. But nowa days all people rich and poor and low worship the goddess and enjoy the festival. This is called the Sarbajanik Durga Puja. During this time all school, colleges and offices remain closed. Those who live abroad come home and enjoy the festival.

(b) 'पानी-बचाओ' अभियान पर एक प्रतिवेदन लिखिए।

(c) इन्टरनेट के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले नुकसान को समझाते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

(d) भाव पल्लवन कीजिए :

'मन के हारे हार है, मन के जीते-जीत'

(e) किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए (अनधिक 150 – 200 शब्दों में) :

(क) विज्ञान : अभिशाप और वरदान

(ख) युवा : असंतोष कारण और निवारण

(ग) मेरे सपनों का भारत

(f) निम्नलिखित अपठित काव्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

''एक दिन तने ने कहा था,
जड़?
जड़ तो जड़ ही है
जीवन से सदा डरी रही है
और यही है उसका सारा इतिहास
कि जमीन से मुँह गड़ाए पड़ी रही है,
लेकिन मै जमीन से उठा,
बाहर निकला,
बढ़ा हूँ
मजबूत बना हूँ
इसी से तो तना हूँ।''

(क) जड़ को निर्जीव क्यों कहा गया है?

(ख) जड़ सदा कहाँ छिपी रहती है?

(ग) जमीन से बाहर कौन आता है और आगे बढ़ता है?

(घ) कौन अपने आप को जड़ से श्रेष्ठ मानता है?

(ङ) उपरोक्त पंक्तियों में किसका वर्णन किया गया है?

(g) कर्मधारय समास और बहुव्रीहि समास में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(h) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) समास विग्रह कीजिए — चौराहा

(ख) उपसर्ग पृथक कीजिए — निराधार

(ग) संधि विच्छेद कीजिए — अत्याचार

(घ) प्रत्यय पृथक कीजिए — नगरीय

(ङ) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए — सिर उठाना